पत्र संख्या-स0द0-टी0डी0एफ0 / 1521 / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर , वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(सचलदल अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक ::सितम्बर 27, 2013

समस्त

जोनल एडीशनल कमिश्नर /

एडीश्नल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0)/

ज्वाइन्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0)

वाणिज्य कर , उत्तर प्रदेश ।

आप अवगत हैं कि मुख्यालय के पत्र सं0-सचलदल ट्रांजिट पास-2013-14/1341/ 1314041 दिनांक 03-09-2013 द्वारा टी0डी0एफ0 की नई व्यवस्था दिनांक 15-09-2013 से प्रभावी की गयी है।

डाउनलोडेड टी0डी0एफ0 की समीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि ट्रान्सपोर्टर / वाहन चालक / वाहन स्वामी द्वारा विभागीय वेबसाइट पर जो टी0डी0एफ0 फार्म अपलोड किया जा रहा है, उसमें समस्त विवरणों को सही प्रकार से अंकित नही किया जा रहा है तथा वाहन चालकों द्वारा प्रदेश में प्रवेश के बाद एवं प्रदेश के बाहर निर्गमन के बाद की गयी व्यवस्था के अनुसार एस0एम0एस0 नही किये जा रहे हैं ।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त सचलदल इकाइयों को यह निर्देशित कर दें कि वे टी0डी0एफ0 से संबंधित वाहनों के संबंध में 10 दिन तक विशेष अभियान चलाकर इस तथ्य की सर्वर से एस0एम0एस0 द्वारा जानकारी प्राप्त कर जॉच करायें कि प्रश्नगत व्यापारी / ट्रान्सपोर्टर द्वारा सबंधित टी0डी0एफ0-1 तथा टी0डी0एफ0-2 में मुख्यालय के उक्त परिपत्र द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरुप विवरण अंकित करके डाउनलोड किया जा रहा है अथवा नही तथा दिये गये निर्देशानुसार एस0एम0एस0 जारी किये जा रहें है अथवा नही । अधिकारी द्वारा टी0डी0एफ0 नम्बर भेजकर उससे संबधित जानकारी प्राप्त करने के लिये ctxup<space>tdfm<space>tdf नम्बर के अन्तिम 10 अंक टाइप करके मोबाइल नम्बर 9235512608 पर S.M.S. किया जाएगा । अधिकारी द्वारा वाहन नम्बर भेजकर उस वाहन के संबध में बनी अन्तिम टी0डी0एफ0 की जानकारी प्राप्त करने के लिये ctxup<space>tdfv<space> वाहन संख्या टाइप करके मोबाइल नम्बर 9235512608 पर S.M.S. किया जाएगा ।

उक्त परिपत्र से लागू की गयी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित कराये जाने के लिए उपर्युक्त जॉच कार्यवाही अत्यन्त आवश्यक है । उक्त प्रक्रिया के संबंध में विभागीय वेबसाइट पर ड्रापबाक्स में जो निर्गमन स्थल घोषित हैं उन क्षेत्रों में सचलदल इकाईयों द्वारा प्रभावी जॉच किया जाना आवश्यक है। अत: संबंधित ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0) यह सुनिश्चित करे कि इन क्षेत्रों में अपेक्षानुरुप जॉच कार्यवाही निष्पादित हो रही है।

एस0एम0एस0 के माध्यम से टी0डी0एफ0 नम्बर के सत्यापन के लिये समस्त सचलदल अधिकारियों द्वारा मोबाइल नम्बर सर्वर पर रजिस्टर कराना आवश्यक है । अत: समस्त सचलदल अधिकारियों के इम्प्लाई आई 0डी0 , नाम , सचलदल इकाई का नाम तथा मोबाइल नम्बर जोनल एडीशनल कमिश्नर की एन0आई0सी0 द्वारा बनाई गई ई-मेल आई0डी0 से मुख्यालय की ई-मेल आई0डी0 ctithqlu-up@nic.in पर तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें जिससे मोबाइल नम्बर सर्वर पर रजिस्टर किया जा सके । उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया / कराया जाये ।

(मृत्युंजय कुमार नारायण)

कमिश्नर , वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ।